तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 20 जनवरी 2026

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

11 साहू संघ के पदाधिकारियों ने ली शपथ



12 सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन ...



## खबर संक्षेप

### खपराडीह में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आज से

**सुहेला।** समीपस्थ ग्राम खपराडीह में 20 जनवरी, मंगलवार को एक दिवसीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से प्रतिभागी टीमें हिस्सा लेंगी। आयोजन को लेकर ग्रामीणों एवं खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 13 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 7 हजार, तृतीय 5 हजार एवं चतुर्थ पुरस्कार 3 हजार रखा गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रवेश शुल्क 251 रुपये निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य बलौदाबाजार के सभापति ईसान वैष्णव होंगे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में दौलतपाल, जनपद अध्यक्ष तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भानु प्रताप वर्मा, जनपद सदस्य उपस्थित रहेंगे। सरपंच गजेंद्र वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता एवं स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 21 जनवरी, बुधवार को शाम 4 बजे पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

### कार की टक्कर से बाइक में सवार दो लोग घायल

**महासमुंद।** चारभांठा-मुनगासेर के बीच कार की टक्कर से बाइक में सवार दो लोग घायल हो गए। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को मनोज ढीढी ग्राम डोकरपाली ने बताया कि 18 जनवरी को वह अपनी को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 एचए 6059 से अपने बहन दामाद खिलावन कुर्रे के साथ डोकरपाली से भैसाताल ओडिशा गया। वापस आ के दौरान चारभांठा मुनगासेर के बीच कार क्रमांक सीजी 04 एलटी 0949 के चालक ने अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर चारभांठा की ओर भाग गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### डीजे को लेकर जमकर विवाद, हुई मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम सराईपाली में डीजे को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ हुए मारपीट के मामले में तेंदूकोना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को लिलेंद्र पटेल ने बताया कि 18 जनवरी के शाम करीबन 4 बजे संतोष पटेल के घर के सामने गली में डीजे बजाया जा रहा था, तब गांव के विजय शंकर पटेल ने आकर यहां डीजे क्योंर बजा रहे हो कहा। तब प्रार्थी ने कहा कि संतोष पटेल से पूछे है और उसने कम आवाज में डीजे बजाने के लिये कहा है। इस पर आरोपी विजय शंकर पटेल ने वाद विवाद और गाली गलौज कर हाथ मुक्काल से मारपीट करने लगा। मामले की रिपोर्ट पर 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### शराब दुकान में चला चाकू, एक की हत्या

**महासमुंद।** शऱाब दुकान में हुए विवाद के बीच हुई चाकूबाजी में एक युवक की मौत हो गई। हत्या के इस मामले में शराब और नशा की महत्वपूर्ण भूमिका सामने आ रही है। नशे की हालत में हुई घटना में समीपस्थ ग्राम शेर निवासी 23 वर्षीय जितेंद्र साहू की देशी शराब दुकान परिसर में ही मौत हो गई। मामले में पुलिस को खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना के कारणों और आरोपियों की धरपकड़ में जुट गई। सूत्र बताते हैं कि मामले में 3 लोगों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है और पूछताछ की जा रही है। पुलिस की मानें तो जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# प्रेसीडेंट-इन-काउंसिल की बैठक में विकास प्रस्तावों पर लगी मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की अध्यक्षता में प्रेसीडेंट-इन-काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, जनहितकारी योजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन और आगामी गर्मियों की चुनौतियों से निपटने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। जिसमे गर्मी के मौसम में शहर में पानी की किल्लत न हो, इसके लिए विशेष कार्ययोजना को मंजूरी दी गई। अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि सभी वार्डों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और जल संकट वाले क्षेत्रों के लिए टैंकरों की व्यवस्था दुरुस्त रहे। 15वें वित्त आयोग की मद से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों को स्वीकृति दी गई, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था और आधुनिक होगी। डीएमएफ मद से नए आंगनबाड़ी भवन के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ, जिससे क्षेत्र के बच्चों और महिलाओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। विभिन्न वार्डों में खराब स्ट्रीट लाइटों को बदलने और प्रकाश व्यवस्था सुधारने हेतु आवश्यक विद्युत सामग्री के क्रय को मंजूरी दी गई। शहर के सौंदर्यीकरण और मनोरंजन को बढ़ावा देने के लिए पुराने बी.ई.ओ. कार्यालय परिसर में प्रस्तावित चौपाटी के निर्माण पर विस्तृत चर्चा कर सहमति जताई गई।

## गर्मी में पेयजल, सफाई और सौंदर्यीकरण पर विशेष फोकस

### जनहितकारी योजनाओं पर जोर

अध्यक्ष शर्मा ने 'श्रद्धांजलि योजना' के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि इस योजना से संबंधित सभी मामलों का त्वरित निराकरण कर हितग्राहियों को तत्काल राहत पहुंचाई जाए।



### टैक्स जमा करने की अपील

बैठक के अंत में अध्यक्ष ने शहर के विकास में जनभागीदारी का आह्वान करते हुए नागरिकों से अपील की कि वे अपने संपत्ति कर और अन्य नगर पालिका कर समय पर जमा करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि टैक्स से प्राप्त राशि का उपयोग सीधे शहर के विकास कार्यों और जनसुविधाओं के विस्तार में किया जाता है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, सभापति सतीश तलरेजा, सीता अशोक साहू, दीपा दशरथ साहू, मनीष मिश्रा, बाल गोविंद पटेल, कुंजराम कोशले तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उपभियंता एवं संबंधित विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कार्रवाई : नशा करने की बात पर हुआ विवाद, चाकू से वार कर की गई हत्या

# लवन में हत्या मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

- हत्या के आरोप में फरार आरोपी सहित अन्य सहयोगियों को भी पकड़ा गया

प्रार्थी धनऊ राम ध्रुव ने 10 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई कि इसके पुत्र चुम्पेश्वर ध्रुव से कुछ आरोपियों द्वारा चाकू आदि से गंभीर रूप से मारपीट कर दिया गया है जिससे उसे गंभीर चोटें आई है। तत्पश्चात चुम्पेश्वर ध्रुव को ईलाज हेतु जिला अस्पताल बलौदाबाजार लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा चेक करने पर चुम्पेश्वर ध्रुव को मृत होना बताया गया। कि रिपोर्ट पर थाना लवन में अपराध क्र. 22/2026 धारा 103(1), 3(5) बीएनएस एवं 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए विधि से संघर्षरत एक बालक सहित 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, किंतु प्रकरण में शामिल 01 अन्य आरोपी राहुल वर्मा फरार हो गया था। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा प्रकरण में संलिप्त फरार आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु थाना प्रभारी लवन को निर्देश दिया गया। उक्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस द्वारा विवेचना कार्यवाही करते हुए प्रकरण में आरोपी राहुल वर्मा सहित उसे भागने में सहयोग करने तथा संश्रय देने वाले आरोपियों दुलेश्वर प्रसाद, अमन कुमार चौहान एवं थानेश्वर वर्मा को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपी राहुल वर्मा द्वारा मृतक चुम्पेश्वर ध्रुव पर चाकू से प्राण घातक वार करना एवं आरोपी अमन कुमार चौहान, दुलेश्वर प्रसाद निषाद एवं थानेश्वर वर्मा द्वारा आरोपी राहुल वर्मा के भागने में एवं उसे संश्रय देने में सहयोग करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में सभी 4 आरोपियों को 18 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

**आरोपियों के नाम :** राहुल वर्मा (18) निवासी ग्राम कोलिहा थाना लवन, दुलेश्वर प्रसाद निषाद उर्फ विजय निषाद (21) निवासी ग्राम डोंगरीडीह थाना लवन , अमन कुमार चौहान (18) निवासी ग्राम कोरदा थाना लवन, थानेश्वर वर्मा उर्फ छोटे गुड्डू (22) निवासी कोलिहा थाना लवन ।

### पुलिस की त्वरित कार्रवाई से न्याय की राह हुई आसान



### इनका रहा विशेष योगदान

इस प्रकरण में विवेचना कार्यवाही एवं आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह, प्रआर रामकृष्ण पटेल, आरक्षक अजय बंजारे, भूपेंद्र गुप्ता, राममोहन राय का विशेष योगदान रहा।

# पोहा मिल में देर रात हुई लूट, सुरक्षा गार्ड से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

- सुरजपुरा इंडस्ट्रियल एरिया में 30–35 हजार रुपये की लूट
- चार अज्ञात आरोपी फरार, पुलिस जांच में जुटी

शहर सीमा से लगे ग्राम सुरजपुरा इंडसट्रियल एरिया मे बीती दरमियानी रात 1-1:30 बजे के आसपास प्रेमप्रकाश पोहा मिल मे लूट की घटना घटित हुई जिसमे मिल के अंदर आफिस के ड्राज मे रखे 30-35 हजार रूपये की लूट कर आरोपी फरार हो गए।

घटना के संबंध मे जानकारी देते हुए एडीशनल एसपी हेमसागर सिदार ने बताया सुरजपुरा स्थिति प्रेमप्रकाश पोहा मिल मे बीती रात 4 अज्ञात लोग आये और वहां तैनात सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट कर मिल के अंदर घुसे और आफिस टेबल के ड्राज को तोडकर अंदर रखे रकम को लेकर फरार हो गये घटना मे लुटेरे सुरक्षा गार्ड के सिर मे वार किया गया जिससे वह घायल हो गया और थोडी देर के लिए बेहोश हो गया होश आने के बाद इसकी जानकारी मिल मालिक सहित, ग्रामीण थाना को दी गई, टी.आई. हेमंत पटेल मौके पर पहुंचे और मामले की पडताल शुरू की पटेल ने बताया की लूट ▶▶ शेष पेज 11 पर

# संयंत्र के खिलाफ धरना प्रदर्शन की शिवसेना को नहीं मिली अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



- दामाखेड़ा मेला के चलते एसडीएम ने लिया निर्णय

शिवसेना के प्रदेश सचिव ईश्वर प्रसाद ने बताया कि शिवसेना के द्वारा प्रस्तावित अल्ट्राटेक सीमेंट रावन गेट पर 22 जनवरी को आयोजित धरना प्रदर्शन की अनुमति के लिए सिमगा एसडीएम अतुल शेटे से मांग की गई थी। लेकिन दामाखेड़ा मेला के चलते एसडीएम द्वारा अनुमति नहीं दी है। वहीं प्रदेश सचिव निषाद ने बताया कि सुहेला तहसीलदार को 24 नवंबर व 15 जनवरी को अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र रावन के खिलाफ हमारे द्वारा ज्ञापन दिया गया था, जिसमें बताया गया कि बदबूदार कचरा गाड़ी को खुलेआम बिना तिरपाल ढंके आवाजाही करने से कचरा रोड पर गिरा रहे हैं, जिससे आवागमन करने वाले लोगों को असहनीय बदबू से गुजरना पड़ता है। इससे क्षेत्र में वातावरण प्रदूषित हो रहा है। लोग बीमार पड़ रहे हैं, वहीं कंपनी की माइंस अधिक गहराई होने के चलते पानी का लेवल काफी कम होते जा रहा है। रावन समेत आस-पास गांव इस संकट से जूझ रहे हैं और सीएसआर खर्च में भी समाज विकास के नाम पर केवल औपचारिकता करते आए हैं। प्रबंधन द्वारा क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से दूर कर अन्य राज्यों से आए लोगों को रोजगार देना कुल मिलाकर शोषित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी बैठक के बाद आगामी धरना की तिथि निर्धारित की जाएगी। उक्त अवसर पर प्रदेश सचिव ईश्वर प्रसाद निषाद, ओंकार वर्मा, इंद्रजीत साहू, दिलीप चतुरे आदि शिवसैनिक उपस्थित थे।

# जिले में अब तक 617839 मीट्रिक टन धान की खरीदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- कलेक्टर ने की धान खरीदी की समीक्षा

कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को खाद्य, सहकारिता, कृषि एवं अन्य सम्बधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर समर्थन मूल्य में धान खरीदी प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि टोकन काटने में उन किसानों को प्राथमिकता दें, जिन्होंने अब तक एक बार भी टोकन नहीं लिया है और पहली टोकन के लिये आवेदन दिया है। कलेक्टर ने कहा कि उपार्जन केंद्रों से शीघ्र धान उठाव कराएं, ताकि जाम की स्थिति निर्मित न हो। अगले 2 से 3 दिन में खरीदी लिमिट बढ़ाएं। उन्होंने धान का भौतिक सत्यापन के बाद शेष रकबा का समर्पण कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही राइस मिल एवं पोहा मिल में जांच के दौरान गड़बड़ी मिलने पर सम्बधित मिलर्स के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कराने निर्देशित किया। संयुक्त टीम की जांच एवं निरीक्षण नियमित रूप से जारी रखने कहा। बताया गया कि जिले के सभी 166 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी जारी है एवं अब तक 127480 किसानों से 617839 मीट्रिक टन धान खरीदी एवं 279262 मीट्रिक टन का उठाव किया गया है।

# तीन पोहा मिलों के स्टॉक सील अनियमितता पर बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- संयुक्त टीम ने किया 384 कट्टा अवैध धान जब्त

संयुक्त टीम की जांच में अनियमितता पाए जाने पर बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन पोहा मिलों के स्टॉक को सील कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार भाटापारा क्षेत्र अंतर्गत श्री गणेश बिंद्रा देवी इंडस्ट्रीज खोखली, एनके पोहा मिल्स एवं दीक्षा इंडस्ट्रीज पोहा मिलों में जांच के दौरान क्रमशः 638.4 क्विंटल, 63.6 क्विंटल व 96.40 क्विंटल स्टॉक अधिक पाया गया। इस अनियमितता पर मंडी अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज कर स्टॉक को सील किया गया। स्टॉक सील की कार्रवाई में तहसीलदार यशवंत राज, एएफओ लक्ष्मण कश्यप, मंडी निरीक्षक निशा सिंह, प्रफुल्ल मांझी, श्याम लाल, मनोहर भोसले, रामकुमार बरिहा, ओमप्रकाश पाल, डीएमओ से कृष्णा देवांगन शामिल थे। इसी तरह अवैध धान पर कार्रवाई करते हुए संयुक्त टीम ने 384 कट्टा धान जब्त किया।



ग्राम रिकोखुर्द में पवनकुमार साहू पिता गजाधर द्वारा 108 कट्टा धान अवैध परिवहन करते हुए पाया गया, जिसे रीकोखुर्द के कोटवार को वाहन सहित सुपुर्दगी में दिया गया। तहसील पलारी के ग्राम सुंदरावन में पोखन जायसवाल से 200 कट्टा, नवागांव खरोरा से 56 कट्टा धान सरना अवैध परिवहन कर लाया जा रहा था, जिसे जब्त किया गया।



तहसील लवन अंतर्गत ग्राम बगबुड़ा में विनोद गायकवाड़ द्वारा अवैध रूप से परिवहन करते 20 बोरी धान को जब्त कर ग्राम कोटवार को सुपुर्द किया गया।

## 11 दिनों तक चलने वाले महायज्ञ में शामिल हुए मंत्री टंकराम वर्मा

# हनुमत महायज्ञ शुभारंभ पर शहर में निकाली कलशयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





जिला मुख्यालय में सोमवार से 11 दिवसीय श्री हनुमत महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर दोपहर 1 बजे यज्ञ स्थल दशहरा मैदान से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो पिपरहा तालाब, श्री हनुमान मंदिर बजरंग चौक, सदर रोड गांधी चौक, श्री राम-जानकी मंदिर से सुभाषचंद्र बोस चौक मुख्य मार्ग होते हुए पुनः यज्ञ स्थल दशहरा मैदान पहुंची। कलश यात्रा के दौरान श्रीराम दरबार की सुसज्जित रथ पर सुंदर झांकी आकर्षण का केंद्र रही। साथ ही हनुमान जी का सजीव स्वरूप, छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध भजन गायक दीपक केशरवानी 'केशरी' के मधुर भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। ग्राम छेरकापुर की कीर्तन मंडली तथा राम भक्तों की टोली भी यात्रा में शामिल रही। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। कलश यात्रा के उपरांत यज्ञ स्थल पर कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, कुर्मी समाज प्रदेश अध्यक्ष खोडास राम




कश्यप तथा चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष लक्ष्मी साहू की उपस्थिति में नवनिर्मित सभा भवन का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर महाआरती का आयोजन हुआ तथा श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया गया। महायज्ञ के दौरान आगामी दिनों में विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# धमनी जंगल में भालू की आमद



**पलारी।** विकासखंड के अंतिम छोर गांव-धमनी के जंगल में 15 दिन पहले देखा गया। भालू कक्ष क्रमांक 32 के घने झाड़ी में छुप कर रह रहा था, जिसे सोमवार को सुबह 8 बजे देखे जाने की सूचना पाकर अनिर्दिष्ट क्षेत्र में सावधानी पूर्वक गश्त किये जाने पर 8.30 पर वन कक्ष क्रमांक 32 में स्टापडेम के करीब वन क्षेत्र में भालू को भिंभोरा में भांकू खाते देखा गया। भालू काफी बड़ा है। आसपास गांव जोराडबरी सलौनी, धमनी, मुडियाडीह के सरपंच को जानकारी दी गई है कि जंगल में नहीं जाएं। यह भालू पिछले 15 दिनों तक जंगल में छूप कर रह रहा है। भालू जब तक वन्यप्राणी को छेड़ा ना जाए हमला नहीं किया करते हैं। वीट प्रभारी मनबोधन टंडन और अध्यक्ष वन प्रबंधन समिति धमनी रामनारायण यादव द्वारा एहतियात बरतने के सलाह देते हुए वन क्षेत्र में पिकनिक नहीं मनाने की अपील की है।

**खबर संक्षेप**



### पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ 24 जनवरी से

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के गुडी चौक में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम रखा गया है। 24 जनवरी शनिवार व 25 जनवरी रविवार दो दिन का गायत्री परिवार एवं ग्रामवासियों खरोरा द्वारा पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ रखा गया है। 24 जनवरी को दोपहर 3 बजे शनिवार को कलश यात्रा निकाली जाएगी और शाम 7 बजे दीप महायज्ञ भी किया जाएगा। 25 जनवरी रविवार सुबह 10 बजे से गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। माता गायत्री हिंदू धर्म में एक पूजनीय देवी हैं, जिन्हें वेदों की जननी वेद माता और सभी शक्तियों का स्त्रोत माना जाता है। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने जानकारी दी।

### खाद्य अनुज्ञप्ति एवं पंजीयन शिविर का आयोजन 21 को

**महासमुंद।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला महासमुंद द्वारा 21 जनवरी को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक जैन सूरि भवन, रेलवे स्टेशन के सामने, बागबाहरा में खाद्य जागरूकता एवं खाद्य अनुज्ञप्ति/पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में बागबाहरा विकासखंड के खाद्य एवं मेडिकल व्यवसायी ऑनलाइन आवेदन कर खाद्य पंजीयन अथवा अनुज्ञप्ति बनवा सकेंगे। शिविर में अभिहित अधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की जानकारी दी जाएगी। 12 लाख रुपए से कम वार्षिक टर्नओवर वाले व्यवसायी पंजीयन तथा 12 लाख से अधिक टर्नओवर वाले व्यवसायी अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन कर सकेंगे। आवश्यक दस्तावेजों मंय आधार कार्ड, बिजली बिल, कलर फोटो, ड्रग्स लाइसेंस (दवाई दुकान हेतु) सहित पंजीयन के लिए चालान (100/प्रति वर्ष, अधिकतम 05 वर्ष) एवं अनुज्ञप्ति के लिए चालान (2000/प्रति वर्ष, अधिकतम 05 वर्ष) के साथ मौके पर ही आवेदन किया जा सकेगा। खाद्य कारोबारकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

**निधन**

### बगसराम सेन



**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी भाठापारा पारा निवासी बगसराम सेन (97 वर्ष) का देहांत शुक्रवार को हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में ग्रामीण सहित सामाजिक जन उपस्थित हुए। वे पूनाराम सेन, सुशील सेन के पिता व युवराज सेन, ओमप्रकाश सेन, त्रिलोक सेन के दादा थे।

## निर्णय : शासन को भेजा जाएगा प्रस्ताव, स्वीकृति के बाद शुरू होगा काम

# बागबाहरा नगर पालिका की बैठक में अनेक प्रस्तावों को दी गई मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



नगर पालिका परिषद बागबाहरा में गुरुवार को नगर पालिका सभागृह में नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल की अध्यक्षता में परिषद की बैठक आहूत की गई। जिसमें तीन दर्जन से अधिक प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। साथ ही समाजिक सहायता योजना के 14 हितग्राही व राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के 8 हितग्राही के पात्र श्रेणी में स्वीकार कर लिया गया। नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने कहा कि नगर विकास सवपरि है। नगर विकास के लिए हम चरणबद्ध है। सभी प्रस्तावों को शासन को भेजा जा रहा है। प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर जल्द से जल्द कार्य शुभारंभ किया जाएगा।

वार्ड क्र. 06 में स्थित शिव मंदिर तालाब का गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण, वार्ड क्र. 07 में स्थित खंभा तालाब का गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य, वार्ड क्र. 10 में स्थित शासकीय तालाब का गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य, निकाय के वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु वार्षिक जोनल टेंडर वार्ड क्र. 01 से 15 तक आमंत्रित किये जाने संबंध में विचार एवं निर्णय, ई-लायब्रेरी निर्माण कार्य, अधोसंरचना मद अंतर्गत विभिन्न वार्डो में सडक, नाली एवं विद्युत विस्तारीकरण हेतु 100.00 लाख, वार्ड क्र. 02 में शांतिनगर पानी टंकी के पास पंप हाउस एवं संपवेल निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 02 में शांतिनगर पानी टंकी से जैन मंदिर पानी टंकी तक पाईपलाईन विस्तारीकरण कार्य, वार्ड क्र. 02 में शांतिनगर पानी टंकी से अंकित सिन्हा घर तक पाईपलाईन विस्तारीकरण कार्य, निकाय अंतर्गत जनपद पानी टंकी एवं वार्ड 09 पानी टंकी में बाउंड्रीवाल निर्माण, निकाय अंतर्गत आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल संकट ग्रस्त वार्डो में पाईपलाईन विस्तारीकरण कार्य, स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 अंतर्गत नगर पालिका परिषद बागबाहरा में प्रस्तावित सूखे एवं गीले कचरे के प्रबंधन हेतु संयत्रो की स्थापना तथा स्थापित संयंत्रों के उन्नयन/विकास कार्य हेतु प्राप्त न्यूनतम दर की स्वीकृति संबंध, सामाजिक सुरक्षा पेंशन अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की जानकारी तथा स्वीकृति, राष्ट्रीय परिवार सहायता अंतर्गत आवेदनों की जानकारी तथा स्वीकृति, जाति प्रमाण पत्र हेतु प्राप्त आवेदनों के सत्यापन संबंध, नगर में ग्रीष्म ऋतु में पेयजल व्यवस्था, नगर में प्रकाश व्यवस्था, वार्ड क्र. 02 में झलप चौक से तुरी आश्रम तक एवं नमन पेट्रोल पंप से स्टेडियम तक रोड के दोनो तरफ लाईट पोल विस्तारीकरण, वार्ड क्र. 02 से वार्ड क्र. 06 तक (दुर्गा मंदिर से लालपुर तक) ट्यूबलर पोल विस्तारीकरण, सामुदायिक भवन (कुर्मी समाज) श्री चंडी माता मंदिर मार्ग में भवन के पास अहाता (घेरा), बस्ती पारा तालाब गहरीकरण, पचरी निर्माण, सौन्दर्यीकरण, बस्ती पारा तालाब के पास 10 सीटर सुलभ शौचालय निर्माण, मंडीपारा नया मार्ग रवि चंद्राकर घर से अरुण कोस फार्म हाउस तक स्ट्रीट लाईट, शासकीय प्राथमिक शाला तेंदुलोथा से डोंगरीधारा मुक्तिधाम तक स्ट्रीट लाईट, दुलारी चंद्राकर घर से शंकर बधाईया घर तक सीसी रोड निर्माण, इंडोर जिम सामग्री, नव निर्मित उद्यान में वाटर फाउंडेशन निर्माण एवं शासकीय प्राथमिक शाला तेंदुलोथा में आहाता निर्माण शामिल है। इस अवसर पर नप उपाध्याक्ष देवेश साहू, मंता यादव, मिथुन अमीर, शौलेश साहू मेनका पोखराज साहू, शिवा जगत, प्रेम साहू, उदय चंदेल, सविता दीवान, थानू पांडे, प्रीति महेंद्र गुप्ता, कुलेश देवांगन, श्यामा चंद्राकर, गिरीश चंद्रा, उप अभियंता दीपक अग्रवाल उपस्थित थे।



### पाटनदादर में कबड्डी प्रतियोगिता हुई

**झलप।** जय जम्हर पाठ पाटनदादर (माधोपुर) में रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें करीब 50 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें प्रथम स्थान सरकेल की टीम रही।



### बेमचा में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ 22 से

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन 22 से 23 जनवरी तक किया जाएगा। इस आयोजन के लिए सजल श्रद्धा प्रखर प्रज्ञा प्रतीक स्थापना होगी। जिसकी विधिवत तैयारी के लिए गायत्री मंदिर बेमचा में महिला मंडल प्रज्ञा पीठ ग्रामवासी एवं इकाई परिजनों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बताया गया कि 22 जनवरी को दोपहर 2 बजे से मंगल कलश यात्रा शाम 5 बजे युग संगीत एवं प्रवचन शांति कुंज प्रतिनिधियों द्वारा, 23 जनवरी को प्रातः 6 बजे ध्यान साधना, प्रातः 9 बजे नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ, सजल श्रद्धा, प्रखर प्रज्ञा प्रतीक प्राण प्रतिष्ठा एवं संस्कार, सायं 4 बजे बसंत पंचमी पर्व पूजन, नेता सुभाषचंद्र बोस, जयंती प्रवचन एवं दीप महायज्ञ, 24 जनवरी प्रातः ध्यान साधना, 9 बजे गायत्री महायज्ञ विभिन्न संस्कार, पूर्णाहुति एवं टोली विदाई होगी। बैठक में भगत गुरु, सुकालू निषाद, राधेश्याम चंद्राकर, रविकांत चंद्राकर, छन्नू लाल साहू, दुर्गा विश्वकर्मा, पिंकी सेठ, देवकुमारी दिवान, चित्ररेखा साहू, पूजा, लोकेश्वरी आदि उपस्थित थे। यह जानकारी समिति के रविकांत चंद्राकर ने दी।



### बिरकोनी में इलेवन क्रिकेट क्लब प्रतियोगिता का शुभारंभ

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी के चंडी गेट मैदान में गणतंत्र दिवस पर रविवार को इलेवन क्रिकेट क्लब प्रतियोगिता आयोजित किया गया हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्यअतिथि सरपंच चंदन कुमार चंद्राकर व जनपद सदस्य विष्णु साहू ने भारत माता व मां चण्डी के प्रतिमा की पूजा अर्चना कर फीता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि चंद्राकर ने कहा कि खेल को खेलों की भावना से खेलना चाहिए। हार व जीत खेलों का अभिन्न हिस्सा है। जीत से खिलाड़ियों को अति उत्साहित तथा हार से निराश नहीं होना चाहिए। वहीं आयोजक समिति ने सभी टीमों को उचित व्यवहार के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। जनपत सदस्य विष्णु साहू ने कहा कि खिलाड़ियों को खेल की भावना से अनुशासन में रहकर खेल खेलना चाहिए। प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में खेलों से छुपी हुई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। जिससे आपसी प्रेमभाव बढ़े। जिसमें आयोजन समिति के लोगों ने अतिथियों का गुलाल लगा कर व माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर उपसरपंच गिरीश चंद्राकर, ताम्रध्वज निषाद, छगन निषाद, डीजे मांडले, गोविंद साहू, कोतवाल गोकुल सोनवानी, तुकेश साहू, सूरज मलेकर, नोहर, सूरज, दुष्यंत सहित आदि उपस्थित थे।

# गुहा निषाद जयंती समारोह में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ग्राम डुमरपाली में आयोजित गुहा निषाद जयंती समारोह में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने शिक्षा के साथ ही सामाजिक एकता पर जोर दिया। ग्राम डूमरपाली में गुहा निषाद जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। मुख्य अतिथि विधायक यादव ने भगवान राम और माता सीता के साथ निषाद समाज के राजा गुहा निषाद के छायाचित्र की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में विधायक यादव ने कहा कि निषाद समाज अपने गौरवशाली इतिहास के लिए जाना जाता है। रामायण काल में भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण को अपनी नाव से नदी पार कराने वाले निषाद राज भगवान राम के परम मित्र के रूप में पूजे जाते हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक एकजुटता के साथ-साथ शिक्षा का प्रचार-प्रसार बेहद जरूरी है। बच्चों को उच्च शिक्षा के साथ सामाजिक ज्ञान देना आवश्यक है। इस दौरान प्रमुख रूप से ढेलू राम निषाद, संचालक प्रदेश संगठन सचिव नंद कुमार निषाद, नयन पटेल जिला पंचायत सदस्य, जानकी निषाद प्रदेश सचिव, सरपंच चुकेश्वरी लोमश दीवान, के साथ साथ मोहन कुलदीप,



भगवती कोसरिया, हेमलाल दीवान, जगदीश निषाद, रामजी निषाद, गंगू राम निषाद, गंगा राम निषाद, तुलसी राम निषाद, चंदू लाल निषाद, संतोष शर्मा, पन्ना निर्मलकर, बलदाऊ दीवान आदि मौजूद थे।



### 8वीं राष्ट्रीय स्पर्धा रग्बी फुटबाल में भुवनेश्वर के लिए भूपेंद्र का चयन

**महासमुंद।** 8वीं सब जूनियर अंडर 15 राष्ट्रीय स्पर्धा रग्बी फुटबॉल भुवनेश्वर में 18 जनवरी 2026 से 22 जनवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए महासमुंद जिले से भूपेंद्र साहू पिता शंकरलाल साहू पी एम सेजेस तुमगांव कक्षा 9 वीं के छात्र का चयन किया गया है। चयन पर छात्र को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे, जिला खेल अधिकारी विभाग मनोज धृतलहरे, सहायक क्रीडा अधिकारी अंजली बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिना ढालेन, प्राचार्य पीएम सेजेस तुमगांव देवेंद्र अगलावे, वरिष्ठ व्याख्याता लंकेश कुरील, आईएलआई, केआर-साहू सिद्धांत गायगौरे, पवन डडसेना, खेल प्रशिक्षक सुनील भोई, कामता प्रसाद साहू, डोलेश होता, समस्त हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम स्टॉक में मधुरिमा शर्मा, सुरेश यादव यादव, सागर झा, सत्यम पांडे, भारती भार्गव, वेनिका लकरा, प्रियंका बरिहा, बरखा शर्मा, लोकेश साहू, तरुण सिन्हा, सोनली साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, रेणुका साहू, प्रगति साहू, मोनिका यादव, नलिनी ध्रुव, लिली मजखंड, चेतना फेकर, सविता ध्रुव, अंकिता ठाकरे, ज्योति सिंह, अश्विनी धीवर, हेमलता साहू तिलक शर्मा ने हर्ष व्यक्त किया।

## लखनपुर विकसित भारत-राम योजना के तहत हुआ नाली डिसिल्टिंग कार्य के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

ग्राम पंचायत लखनपुर में केंद्र

- ग्राम पंचायत में स्वीकृत कार्यों की दी गई जानकारी



सरकार की विकसित भारत – राम योजना (रोजगार गारंटी) के अंतर्गत नाली डिसिल्टिंग कार्य का विधिवत भूमिपूजन कर शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर ग्राम के जनप्रतिनिधियों एवं श्रमिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सरपंच खेमिन चोवाराम ध्रुव, उपसरपंच कमल कौशिक, पंच पुरानिक साहू, भुखू जोशी, मेट पूनम पटेल, मालती साहू एवं यादराम धीवर उपस्थित रहे। भूमिपूजन उपरांत कुल 38 श्रमिकों ने नाली डिसिल्टिंग कार्य हेतु अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। श्रमिकों का स्वागत मिठाई खिलाकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा विकसित भारत-राम योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत में स्वीकृत कार्यों की जानकारी विस्तार से दी गई तथा रोजगार गारंटी योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि इस योजना से ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के साथ-साथ ग्राम विकास को भी गति मिलेगी। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि नाली डिसिल्टिंग कार्य से जलनिकासी की समस्या का समाधान होगा तथा स्वच्छता में भी सुधार आएगा।

## सेना में चयनित युवाओं का सतनामी समाज ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप



झलप क्षेत्र से भारत माता की सेवा हेतु देश के सेना में चयन होने वाले सतनामी समाज के चयनित युवाओं का प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज झलप के पदाधिकारियों के द्वारा सम्मान किया गया. सुरक्षा बल में चयनित साथी योगेंद्र ढीढी (बीएसएफ), छगन कुर्रे (सीआईएसएफ), रोशन मन्नाड़े (आईटीबीपी), कुलेश्वर भारद्वाज (बीएसएफ) का श्वेत गमछा से सम्मान करते हुए सभी सभी युवाओ को बधाई व शुभकामनायें प्रदान की गई। साथ ही अपने प्रथम प्रयास में सुरक्षा बल में चयन से केवल 0.5 अंको से चुकने वाले लोकेश कोसरिया का भी सम्मान करते हुए उन्हें फिर से कोशिश करने व मेहनत जारी रखने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस पल को चयनित युवाओं के साथ केक काट कर सेलिब्रेट किया गया। इस अवसर पर जेल यात्री हीरा जोगी ने युवाओं को शिक्षा व रोजगार के क्षेत्र में कार्य करने की बात कही। तथा महासमुंद ब्लॉक अध्यक्ष चित्रकुमार भारती ने चयनित युवाओं को बधाई देते हुए समाज के अन्य युवाओं के लिए मार्गदर्शक व प्रेरणा बनने की बात कही। इस दौरान उपस्थित युवाओं को कोषाध्यक्ष किशन कोसरिया, शिक्षक साथी धनीराम जांगड़े व संतराम कुर्रे ने भी संबोधित करते हुए समाज के अन्य युवाओं साथियों को प्रोत्साहित करने की बात कही. इस अवसर पर जिला सह सचिव भोजनाथ मधुकर, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष तेजराम चौलिक, संतराम भास्कर, रूपेश प्रभाकर, प्रज्ञा टंडन, पूरन मारकंडे, नंदकुमार, भीष्म मारकंडे, ओमप्रकाश सोनवानी, पवन आवड़े, भूपेंद्र मन्नाडे, संजय, योगेश बाघमारे, वाले बंजारे, दानवीर कोसरिया, सहित बड़ी संख्या में समाजिक पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक योगेश्वर सिन्हा हुए शामिल

# सिंघनपुर में मनाई गई भक्त गुहा निषाद राज की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

भक्त गुहा निषाद राज की जयंती ग्राम सिंघनपुर में बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान बताया गया कि भक्त गुहा निषाद राज राम के परम मित्र थे जिन्होंने 14 वर्ष के वनवास के प्रारंभ में राम को गंगा मैया के तट पर अपने नाव से गंगा पार कराई। इस अवसर पर गांव में मड़ई मेला का आयोजन किया गया, जिसमें जय मां खल्लारी राउत नाचा पार्टी बांसकुडा - 2 और झन भुलव मां बाप ल छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ने प्रस्तुति दी।



इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि योगेश्वर सिन्हा, अध्यक्षता - झाल बाई राय, विशेष अतिथियों में इंद्रजीत सिंह गोल्डी, ललिता अग्रवाल, शम्मी सलूजा, कुलजीत सलूजा, तीजन साहू, रामेश्वर साहू, दिनेश्वर साहू, धनेश गायकवाड़, कमल कौशिक, निर्भय नायक, देवेंद्र राय, ऋतु जोहत निषाद शामिल थे।

मुख्य अतिथि योगेश्वर सिन्हा ने राम भक्त राजा गुहा निषाद के बारे में कहा जिस प्रकार रामजी ने गुहा निषाद को मित्र बताया, वानर सेना गठित किया, माता शबरी के जूठे बेर को खाया, सभी को समानता की नजर से देखा, वैसे ही भाजपा सरकार सभी वर्गों को विभिन्न प्रकार की योजनाओं से लाभान्वित करा रही है। विकास अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे ऐसा कार्य कर रही है। पंचायत वासियों की मांगों पूरा करने का आश्वासन दिया। उसके बाद सरपंच झालबाई की घोषणा प्रत्येक गुरुवार हाटबाजार सिंघनपुर में लगाने का विधायक द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया। संचालन रामाधर सोनी व आभार रामेश्वर साहू ने किया। कार्यक्रम को ललित निषाद, ललिता अग्रवाल ने भी संबोधित किया। इस दौरान समाज प्रमुख - भागीरथी निषाद, पुरानिक निषाद, फिरंता निषाद, मनहरण निषाद चिंताराम निषाद, ललित निषाद, अनिल निषाद, बेदराम निषाद, ओमप्रकाश निषाद, रूपसिंग निषाद, ग्राम प्रमुख व पंचायत पंच गण - हीरालाल साहू, प्रेमलाल साहू, भागवत योगी, सुखऊराम, दिनदयाल योगी, रामेश्वर भारती, सुन्दर लाल कुर्रे, उत्तरा आवड़े, लालजी भारती, चैतराम यादव, मनीराम यादव, पूरन कोसरिया, जया आवड़े, चमन रात्रे, गोवर्धन आवड़े, नंदू टंडन, अर्जुन कोसरिया, मुकेश खूंटे मौजूद थे।

## गुप्त नवरात्रि की हुई शुरुआत, सर्वार्थ सिद्धि योग में शुरू हुई दस महाविद्याओं की साधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण में सोमवार से गुप्त नवरात्रि की गूंज सुनाई देने लगी है। माघ मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि के साथ ही साधकों और मां के भक्तों ने अपनी गुप्त आराधना शुरू कर दी है। इस वर्ष नवरात्रि का शुभारंभ उत्तराषाढ़ा नक्षत्र, वज्र योग और सर्वार्थ सिद्धि योग के महासंयोग में हो रहा है, जिसे ज्योतिष शास्त्र में अत्यंत शुभ और फलदायी माना गया है। जिले भर में सोमवार सुबह 8:34 से 9:59 बजे के बीच शुभ मुहूर्त में श्रद्धालुओं ने अपने घरों और साधना केंद्रों में कलश स्थापना की। इसके अलावा, दोपहर 12:13 से 12:58 बजे तक रहे अभिजीत मुहूर्त में भी कई विशेष पूजन संपन्न किए गए। यह नवरात्रि 27 जनवरी तक चलेगी, जिसका समापन दशमी तिथि को पारणा के साथ होगा।

### प्रमुख तिथियां और पर्व

आने वाले नौ दिनों में जिले में कई महत्वपूर्ण धार्मिक उत्सव मनाए जाएंगे जिसमें बसंत पंचमी, सरस्वती पूजन का महापर्व, नर्मदा जयंती व आरोग्य सप्तमी, विशेष स्नान और दान-पुण्य, भीष्म अष्टमी व गौरी तृतीया, व्रत और अनुष्ठान। जानकारों का मानना है कि जहां प्रकट नवरात्रि सांसारिक सुखों और भौतिक इच्छाओं की पूर्ति के लिए होती है, वहीं गुप्त नवरात्रि का उद्देश्य मनोकामना सिद्धि और मोक्ष प्राप्ति है। यह साधना शैव और शाक्त परंपरा से जुड़ी है, जिसमें संयम और अनुशासन का विशेष महत्व होता है।

# धान खरीदी के लिए 8 दिन ही शेष, 42 हजार किसान कतार में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिलों में धान खरीदी अपने अंतिम पड़ाव पर है। जिले में अब तक की खरीदी के आंकड़े बताते हैं कि लक्ष्य प्राप्ति की ओर प्रशासन तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन आखिरी दिनों की कुछ जमीनी समस्याओं ने किसानों और समितियों की चिंता बढ़ा दी है। जिले में अब तक 1 लाख 21 हजार किसान ने अपना धान बेच चुके हैं, लेकिन अभी भी 42 हजार पंजीकृत किसान अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। जिले में इस खरीफ सीजन में धान खरीदी का उत्साह चरम पर है। नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा ने बताया है कि अब तक लगभग 77 लाख क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। शासन द्वारा तय की गई सुचारू व्यवस्था के चलते शुरुआती महीनों में खरीदी शांतिपूर्ण रही। लेकिन जैसे-जैसे अंतिम तिथि नजदीक आ रही है, केंद्रों पर भीड़ का दबाव बढ़ता जा रहा है। जिले में कुल पंजीकृत किसानों की संख्या को देखते हुए अभी भी लगभग 25 प्रतिशत किसान ऐसे हैं जिन्होंने अपना धान केंद्रों तक नहीं पहुंचाया है। इन 42 हजार किसानों के पास अब महज 8 दिन का समय शेष है, जिसे लेकर ग्रामीण इलाकों में खासी हलचल देखी जा रही है। जिला प्रशासन का दावा है कि सभी पंजीकृत किसानों का धान खरीदा जाएगा। कलेक्टर द्वारा नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं ।

## धीमे उठाव ने बढ़ाई मुश्किलें, हजारों किसान अभी नहीं बेच पाए है अपनी उपार्जन

### टोकन के लिए मची मारामारी

धान खरीदी के अंतिम दिनों में सबसे बड़ी चुनौती टोकन प्राप्त करना बन गई है। नियमानुसार, एक निश्चित क्षमता के आधार पर ही प्रतिदिन टोकन काटे जाते हैं। कई समितियों में किसान सुबह से लाइन लगाकर खड़े हो रहे हैं ताकि उन्हें अगले कुछ दिनों का टोकन मिल सके। छोटे और सीमांत किसानों की शिकायत है कि बड़े और रसूखदार किसान आसानी से टोकन प्राप्त कर रहे हैं, जबकि आम किसान भटकने को मजबूर है।



### बड़ी समस्या, धान का धीमा उठाव

खरीदी केंद्रों पर इस वक्त सबसे बड़ी सिरदर्दी धान का उठाव न होना है। केंद्रों में क्षमता से अधिक धान जमा हो चुका है। मिलर्स द्वारा धान का उठाव धीमा होने के कारण नए धान को रखने के लिए जगह नहीं बची है। खुले आसमान के नीचे रखे करोड़ों रुपये के धान पर बेमौसम बारिश या नमी का खतरा मंडरा रहा है। समितियों का कहना है कि जब तक पुराना धान ट्रकों में भरकर गोदामों या मिलों तक नहीं जाएगा, वे नया धान तौलने की स्थिति में नहीं हैं। यही कारण है कि कई केंद्रों पर तौल की गति धीमी कर दी गई है। नितिन यादव ने बताया है कि हमने अपना सारा धान सुखाकर तैयार रखा है, लेकिन समिति में जगह नहीं होने की बात कहकर टोकन देने में आनाकानी की जा रही है। अगर 8 दिनों में धान नहीं बिका, तो हमें भारी आर्थिक नुकसान होगा।

## खबर संक्षेप



### नेहरू स्मृति विद्यालय के बच्चों ने ऐतिहासिक स्थलों का किया भ्रमण

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी के नेहरू स्मृति विद्यालय के प्राथमिक व मिडिल स्कूल के छात्रों ने काननपेंडारी, खूंटाघाट, महामाया की नगरी रतनपुर का भ्रमण किया। बच्चों ने भौगोलिक, ऐतिहासिक, संस्कृतिक, प्राकृतिक महत्व के प्रति जागरूक हुए। जहां काननपेंडारी में छात्रों ने विभिन्न जीव-जंतु को देखकर प्रसन्न हुए, वहीं खूंटाघाट की प्राकृतिक सुंदरता बच्चों का मोह लिया। इतिहास नगरी छतीसगढ़ की प्राचीन राजधानी रतनपुर में मां महामाया का दर्शन किए। प्रधान पाठक टूपसिंग निषाद ने बताया कि बच्चों के स्वस्थ मनोरंजन के लिए पर्यटन में जाना आवश्यक है। बच्चे जिसको पुस्तक में पढ़ते हैं उसे प्रत्यक्ष देखना व जानना यह खुशी की बात है। बच्चों को विभिन्न जीव-जंतु, पेड़-पौधे, बांध व प्राचीन ऐतिहासिक नगरी रतनपुर के बारे में बताया गया। छत्तीसगढ़ की संस्कृति और आस्था को करीब से देखने को मिलता हैं। खूंटाघाट डैम में सभी ने स्वल्पहार किया। इस शैक्षणिक भ्रमण में स्कूल के 96 बच्चे व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### जोधपुर में अखिल भारतीय माहेश्वरी सम्मेलन

**महासमुंद।** अखिल भारत माहेश्वरी सभा द्वारा माहेश्वरी ग्लोबल कन्वेंशन एवं माहेश्वरी ग्लोबल एक्सपो 9 जनवरी से 11 जनवरी तीन दिवसीय विश्वस्तरीय आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 50000 (पचास हजार) समाज बंधु एकत्र हुए। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत ने कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश महासभा के अध्यक्ष सुरेश भूतड़ा, प्रदेश महिला मंडल अध्यक्ष शशि गट्टाणी, प्रदेश युवा संगठन अध्यक्ष नरेश चांडक, किशन सारडा, महासमुंद से ताराचंद चांडक, मनीष माहेश्वरी आदि शामिल हुए।

### बिंद्रावन में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन

**नर्रा।** ग्राम बिंद्रावन में श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का समापन हवन पूजन के पश्चात प्रसादी वितरण में भंडारे के साथ हुआ। इसके बाद ग्रामवासियों ने भक्तिभाव के साथ राधाकृष्ण भगवान प्रतिमा का विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। जहां यात्रा में ग्राम सोरमसिंघी से आए हुए राउत नित्य मंडलियों ने वेशभूषा धारण कर नृत्य प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

### पेज 9 के शेष

#### पोहा मिल में...

की घटना पर मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है सीसीटीवी के फुटेज सहित अन्य एंगल पर आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। वहीं सुरक्षा गार्ड का उपचार जिला चिकित्सालय ब.बा. मे चल रहा है उसका बयान भी दर्ज कर लिया गया है,आरोपियों की पतासाजी पुलिस द्वारा की जा रही है।

## चार सूत्रीय मांगों को पूरा कराने 33 जिला मुख्यालयों में शिक्षक फेडरेशन ने बोला हल्ला

# मोदी की गारंटी पूरा कराने शिक्षकों ने किया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर प्रदेश के सभी 33 जिला मुख्यालयों में मोदी की गारंटी को लेकर हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सहायक शिक्षक एवं समग्र शिक्षक संवर्ग ने अपनी चार सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया।

फेडरेशन द्वारा स्पष्ट किया गया कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा घोषित मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वर्षों से लंबित समस्याओं का समाधान किया जाना चाहिए, किंतु अब तक इस दिशा में ठोस पहल नहीं होने से शिक्षकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इसी के चलते प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत सभी जिलों में एक साथ प्रदर्शन किया गया। रायपुर जिला मुख्यालय में जिला प्रशासन द्वारा टूटा धरना स्थल में धरना-प्रदर्शन की अनुमति दी गई, जहां सैकड़ों की संख्या में फेडरेशन से जुड़े शिक्षक उपस्थित हुए। शिक्षकों ने शांतिपूर्ण एवं अनुशासित तरीके से अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया।

फेडरेशन की प्रमुख चार सूत्रीय मांगों में मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति को तत्काल दूर किया जाए, पूर्व सेवा गणना करते हुए समस्त सहायक /समग्र शिक्षकों को क्रमोन्नति वेतनमान प्रदान किया जाए, शिक्षक पात्रता परीक्षा को थोपे जाने का विरोध, तथा इस निर्णय को वापस लिया जाए, वीएसके ऐप को शिक्षकों के निजी मोबाइल में अनिवार्य रूप से उपयोग कराए जाने की व्यवस्था को समाप्त किया जाए ।

धरना-प्रदर्शन के दौरान उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए फेडरेशन के प्रदेश सचिव राजू टंडन ने कहा कि सहायक शिक्षक वर्षों से शासन-प्रशासन की उपेक्षा का शिकार रहे हैं। यदि शीघ्र ही मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और अधिक उग्र किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन की होगी।

जिला अध्यक्ष लखेश्वर वर्मा ने बताया कि पर्सनल मोबाइल में ऐप के माध्यम से अटेंडेंस शासन का गलत नीति है शासन को डिवाइस उपलब्ध कराई जानी चाहिए पर्सनल डाटा एक्सेस होने के कारण बहुत सारी फ्रॉड की संभावना है और कोई जिम्मेदार अधिकारी इस पर जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है सरकार को निजी संस्थानों जैसे प्राइवेट डिवाइस उपलब्ध कराई जानी चाहिए हम अटेंडेंस का विरोध नहीं कर रहे हैं प्राइवेट मोबाइल से अप के माध्यम से अटेंडेंस का विरोध कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव राजू टंडन, जिला अध्यक्ष लखेश्वर वर्मा, जिला संरक्षक ओ.पी. वर्मा, जिला सचिव महेंद्र साहू, शिवपूजन सिंह कुशवाहा, कैलाश बघेल, मनोज साहू, धर्मदास पाटिल, चंद्रकांत कन्नौजिया सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे और एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई, तत्पश्चात राष्ट्रगान गाया गया तथा अंत में वंदे मातरम के साथ शांतिपूर्ण ढंग से कार्यक्रम का समापन किया गया। फेडरेशन ने पुनः दोहराया कि जब तक सहायक शिक्षकों की जायज मांगों का समाधान नहीं होता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

## वेतन का हिस्सा दान कर कर्मचारी संस्था बच्चों का संवार रहे भविष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

आज भी हमारे समाज में मानवता जिंदा है, इसका जीवंत उदाहरण हमारे कोसरंगी के कर्मचारी संस्था है, जो कई वर्षों से सामाजिक क्षेत्र से लेकर शिक्षा के क्षेत्र में भी बच्चों के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए पहल कर रहे हैं। संस्था के अध्यक्ष खेमराज साहू, उपाध्यक्ष दुलारी साहू, सचिव अशोक साहू, कोष कोषाध्यक्ष देवेंद साहू ने बताया की संस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए समिति का गठन किया गया है, जिसके भूषण साहू बिहारी साहू, हरेंद्र साहू, नंदनी साहू, खेमेस्वरी साहू, माधव साहू, शतेंद्र साहू, चंद्रशेखर साहू, रतनी साहू, रेवानंद साहू, सालिक साहू, स्यामदेव साहू, राकेश साहू, तेजराम साहू, यशोदा साहू, आशीष कुमार साहू टामन साहू सदस्य बनाए गए है। सभी के द्वारा अपने वेतन के कुछ अंश समिति में जमा किया जाता है, जिसकी राशि कक्षा 12 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को दस हजार रुपए देकर सम्मानित किया जाता हैं। इससे अगले वर्ष की पढ़ाई ठीक से कर सके। इसी कड़ी में समाज के जरूरत मंद लोगों को भी समिति द्वारा सहयोग करने की घोषणा की है तथा साहू समाज के समाज सेवक जो की अपने पैर से विकलांग है और गरीबी के चलते इलाज करवा पाने में सक्षम नहीं है, उसे भी राजिम जयंती पर समाज प्रमुखों के समक्ष दस हजार रुपए की राशि कर्मचारी संघ कोसरंगी द्वारा इनके परिजनों को। प्रदान की गई एवं नेक काम के लिए सहयोग करने समाज के लोगों से भी अपील की गई। इस कार्य के लिए समाज सहित आम जनों ने बधाई दी है।

# साहू संघ के पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



### समाज की प्रगति के लिए शिक्षा, रोजगार और जागरूकता जरूरी

अध्यक्षता कर रहे मोतीलाल साहू ने कहा, पदाधिकारियों का कर्तव्य है कि वे समाज हित में कार्य करें। हमें ऐसे प्रयास करने चाहिए जिससे हमारा समाज प्रगति के पथ पर अग्रसर हो। शिक्षा, रोजगार और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता फैलाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आपसी भाईचारे को मजबूत करते हुए हमें सामूहिक रूप से आगे बढ़ना है।

**शिक्षा और सकारात्मक ऊर्जा का करें संचार:** भाटापारा विधायक इंद्र साव ने कहा कि नए पदाधिकारी के लिए समाज में शिक्षा सकारात्मक सोच के साथ रचनात्मक कार्य के साथ नए-नए आयोजन कर समाज में नहीं ऊर्जा का संचार हो।

**अनुशासन, शिक्षा और रक्तदान साहू समाज की पहचान:** कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ तेलंगाना बोर्ड के अध्यक्ष जितेन साहू ने कहा कि साहू समाज की परंपरा ही अनुशासन है शिक्षा पर फोकस और रक्तदान जैसे आयोजन सर्वोपरि है जिसे अन्य समाज भी प्रेरणा लेते हैं।

**शादी-ब्याह में डीजे और मृत्यु भोज पर रोक के लिए कड़े फैसले:** जिला साहू संघ के अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा, 'समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए अब कड़े और आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। हम समाज में शादी-ब्याह में डीजे के प्रतिबंध एवं मृत्यु भोज में कलेवा पर प्रतिबंध करने की दिशा में ठोस पहल करेंगे। हमारा उद्देश्य सादगीपूर्ण जीवन शैली को बढ़ावा देना और अनावश्यक खर्चों पर अंकुश लगाना है।

नगर भवन में रविवार को आयोजित साहू समाज के पदाधिकारी को शपथ ग्रहण आयोजित किया गया, जिसमें नवनिर्वाचित तहसील साहू संघ पलारी, परिक्षेत्र साहू संघ एवं नगर साहू संघ व मनोनीत सहित 300 पदाधिकारियों को विधायक संदीप साहू, विधायक मोतीलाल, विधायक इंद्र साव, छत्तीसगढ़ तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, जिलाध्यक्ष सुनील साहू, पूर्व तहसील अध्यक्ष रोहित साहू सहित समाज के वरिष्ठजनों द्वारा पद और गोपनीलता की शपथ दिलाई गईं। इस भव्य शपथ ग्रहण समारोह में हजारों की संख्या में सामाजिकगण शामिल हुए। इस मौके पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन हुआ। सर्वप्रथम रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। दोपहर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि संदीप साहू विधायक, कसडोल एवं राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष, तैलीक महासभा थे। अध्यक्षता मोतीलाल साहू में विधायक रायपुर ग्रामीण एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष साहू संघ ने इस शानदार और भव्य आयोजन के तहसील, परिछेत्र व नगर साहू संघ को बधाई दी।मुख्य अतिथि संदीप साहू ने कहा कि सामाजिक समरसता का इससे बड़ा उदाहरण और क्या हो सकता है कि आज इस शपथ ग्रहण समारोह में आयोजित रक्तदान शिविर में सर्व समाज के लोगों ने रक्तदान कर एकता का परिचय दिया। साहू समाज एक बड़ा समाज है और बड़े भाई के रूप में हमेशा अपना दायित्व निभाता आया है। मैं सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देता हूं। आपको जो जिम्मेदारी मिली है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएं। समाज के विकास और युवाओं के उत्थान के लिए सदैव तत्पर रहें।

नवनिर्वाचित तहसील अध्यक्ष जगदीश साहू ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं आभार जताया। उन्होंने कहा कि सभी को साथ लेकर वे सामाजिक सेवा के कार्य करेंगे। इस अवसर पर महेन्द्र मोनू साहू जिला पंचायत सदस्य, अंजली विमल साहू जिला पंचायत सदस्य, राजाराम साहू उपाध्यक्ष, जिला साहू संघ, संध्या साहू महिला उपाध्यक्ष, सुशील साहू संगठन सचिव, अनुपा साहू, गोपी साहू अध्यक्ष नगर पंचायत पलारी, नंदेश्वर साहू नगर पंचायत रोहांसी, ब्रिजमोहन साहू, डॉ रामकुमार साहू, साधराम साहू, संजू साहू, पारसमणि साहू, मिथलेश साहू, मुकेश साहू, हेमंत साहू, देवेंद्र साहू, सीताराम साहू, झुमुक साहू, रामकिसुन,राजेंद्र साहू सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# पुलिस को देख गांजा का अवैध परिवहन कर रहा बाइक सवार गिरकर हुआ घायल

**महासमुंद।** गांजा का अवैध परिवहन कर रहा एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने के प्रयास में गिरकर घायल हो गया। पुलिस ने चेंकिंग के दौरान आरोपी के कब्जे से 10 लाख 75 हजार रुपए का गांजा बरामद किया है। आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में नारकोटिक्स एक्ट व बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई मिली जानकारी के अनुसार पलसापाली बेरियर में वाहन चेकिंग के दौरान मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 पीएन 1215 का चालक पुलिस को देखकर बाइक को मोड़ कर भागने का प्रयास कर रहा था, जो हड़बड़ी में गिर गया। गिरने से चालक के दाहिने पैर में घुटने के पास चोंट आयी, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। जब पुलिस ने हड़बड़ाने का कारण पूछा तब संदेही ने बाइक के पीछे एक सफेद रंग के बोरी में गांजा होना बताया। इसके बाद आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 21.620 किलो गांजा कीमत 10, 75000 रुपए तथा बाइक की तलाशी लेने पर उसमें से दो नंबर प्लेट ओडी 31 केएल 1234 एवं ओडी 30 एफ 2911 व मोबाइल को बरामद किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम उत्तम दास पिता अनिल दास (35 साल) झरापाली एमवी 85 थाना मलखानगिरी जिला मलखानगिरी (ओडिशा) होना बताया तथा बरामद शुदा गांजा को अपने रिश्तेदार गुड्डू तिवारी निवासी प्रयागराज उत्तर प्रदेश के कहने पर ओडिशा के मुण्डागुड़ा निवासी शिबु से प्राप्त कर गुड्डू तिवारी को उपलब्ध कराने ले जाना बताया। वहीं गुड्डू तिवारी द्वारा उपलब्ध कराए गए फर्जी नंबर प्लेट को गांजा परिवहन करने में प्रयुक्त कर अपने आधिपत्य के मोटर सायकल में लगाना बताया।

### किसान नेता तुषार को मिली प्रदेश में बड़ा दायित्व

**महासमुंद।** ग्राम अछोली निवासी किसान नेता अशवंत तुषार साहू को प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ कार्य समिति सदस्य बनाया गया है। वे विगत एक दशक से किसानों की समस्याओं को लेकर लगातार सक्रिय रहे हैं। उन्होनें कहा है कि किसान परिवार के ग्रामीण छोटे कार्यकर्ता को भाजपा किसान मोर्चा में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य का दायित्व दिया गया है। जो कि उनके लिए काफी गर्व की बात है।

**LIFE CARE COLLEGE OF NURSING PANCHSHEEL NAGAR NEAR COLLECTORATE, BALODABAZAR (C.G.)**
Mail Id - lifecarecollegebalodabazar@gmail.com
Mobile No. -7898261009/ 9713200801

Under Temporary Affiliation College to Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Sciences & Ayush University of Chhattisgarh, Uparwara, Nava Raipur

**Application are invited for following posts under Statue - 16**

| S. No. | Name of the post | No. of Post | Qualification and Experience As per INC Norms Qualification and Experience |
|---|---|---|---|
| 1 | Professor cum Principal | 01 | Essential Qualification:- M.Sc.(N) having total 15 Experience:- M.Sc. (N), years experience with M.Sc.(N) out of which 10 years after M.Sc.(N) in collegiate programme. Ph.D.(N) is desirable |
| 2 | Professor cum Vice-Principal | 01 | Essential Qualification:- M.Sc.(N). Experience:- M.Sc.(N) Total 12 years experience with M.Sc. (N) out of which 10 years teaching experience after M.Sc.(N) Ph.D. (N) is desirable. |
| 3 | Associate Professor/ Reader | 02 | Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience: Total 8 years experience with M.Sc.(N) including 5 years teaching experience Ph.D. (N) is desirable. |
| 4 | Assistant Professor/ Lecturer | 05 | Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc.(N) with total 3 years teaching experience Ph. D. (N) desirable. |
| 5 | Clinical Instructor | 02 | Essential Qualification:- B.Sc.(N) Experience:- B.Sc.(N) with total 3 years teaching experience Ph. D. (N) desirable |

**Other terms & conditions :-**
1. Experience : As per Council Norms
2. Pay Scale : As per State Govt. Pay Scale
3. Reservation : As per State Government Norms

**Selection criteria:-** Selection will decide on merit. Merit list will be prepared on the basis of Academic marks, Educational Qualification, Interview, Experience and Academic contribution of candidate in various field like-
- Number of paper publications in various national/ international journals.
- Paper presentation in conferences.
- Total No. of conferences attended.


**Last date of receipt of Application:-** : Within 15 Days from the date of publication of advertisement.
Interested candidates may send their resume to the above-mentioned email ID or WhatsApp number.

## धूप ने दिलाई शीतलहर से निजात

# कड़ाके की ठंड से अब मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में पिछले कुछ दिनों से जारी कड़ाके की ठंड और शीतलहर से अब राहत मिलने के संकेत मिल रहे हैं। हालांकि रात का तापमान अभी भी 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है, लेकिन मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में 1 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना है। जिले में बीते चार दिनों से रात के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। आंकड़ों पर नजर डालें तो 15 जनवरी 10.8 डिग्री, 16 जनवरी 9.2 डिग्री, 17 जनवरी 9.0 डिग्री, 18 जनवरी 9.4 डिग्री इन आंकड़ों से साफ है कि रातें काफी सर्द रही हैं, जिससे लोगों को भारी ठिठुरन का सामना करना पड़ा है। अगले 24 घंटों के बाद न्यूनतम तापमान में 1 से 3 डिग्री की वृद्धि होगी, जिससे रात की ठंड कम होगी। दिन के तापमान (अधिकतम तापमान) में किसी बड़े बदलाव के आसार नहीं हैं, तेज धूप खिली रहेगी। हालांकि पारा बढ़ेगा, लेकिन ठंडी हवाओं के कारण सुबह और रात के समय हल्की ठिठुरन बनी रह सकती है। जिले के नागरिकों के लिए अच्छी खबर यह है कि अब ठंड के तेवर थोड़े ढीले पड़ेंगे। लेकिन सुबह और देर रात के तापमान को देखते हुए बुजुर्गों और बच्चों को ज्यादा सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।



### मौसम में हो रहा बदलाव

मौसम विज्ञानियों के अनुसार, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के ऊपर एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। इसके प्रभाव से उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और बारिश की आशंका है। इसका सीधा असर मैदानी इलाकों पर भी पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ के उत्तर और मध्य इलाकों में फिलहाल शीतलहर की स्थिति बनी हुई है, लेकिन अब धीरे-धीरे मौसम शुष्क होने की ओर बढ़ रहा है।

### धूप ने दी राहत, लेकिन शाम होते ही लौटी ठिठुरन

रविवार का दिन जिलेवासियों के लिए थोड़ी राहत लेकर आया। दिनभर खिली चिलचिलाती धूप की वजह से लोगों को ठंड से राहत मिली। अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास बने रहने के कारण दोपहर में गर्मी का अहसास हुआ। हालांकि, सूरज ढलते ही ठंडी हवाओं ने फिर से असर दिखाना शुरू कर दिया और शाम होते-होते ठिठुरन बढ़ गई।

## स्काउटिंग कौशलों में किया जा रहा प्रशिक्षित

**महासमुंद।** जिले में गर्ल गाइडिंग को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम तैयार किए जा रहे हैं। जिला संगठन आयुक्त गाइड लीनू चंद्राकर ने कहा कि स्काउटिंग आज एक प्रभावी मंच के रूप में कार्य कर रही है, जिसके माध्यम से बालिकाओं को रोड सेफ्टी, यातायात जागरुकता, आत्मरक्षा, महिला सशक्तिकरण तथा विभिन्न स्काउटिंग कौशलों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रथम नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी में जिले की सक्रिय सहभागिता बालिकाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक पहल है। यह सहभागिता न केवल बालिकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास करेगी, बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए भी एक मजबूत प्रेरणा स्त्रोत बनेगी।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
16 जनवरी 2026
SHOW TIME
मानव मार्केट
शो समय - 12:00 PM
धनेश के आराधना (सीजी)
शो समय - 3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# क्रिकेट में मल्दी की टीम बनी विजेता, 32 टीमों ने लिया हिस्सा

**मिरगी में ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित की गई प्रतियोगिता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

भाटापारा विकासखंड के ग्राम मिरगी में ग्रामवासियों एवं जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में ग्राम के युवाओं ने टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया था। इस आयोजन में आसपास एवं दूरदराज के 32 टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में ग्राम मल्दी एवं ग्राम मिरगी के बीच खेला गया जो बहुत ही रोमांचक रहा। मल्दी के खिलाड़ियों ने 95 रन का लक्ष्य रखा इस चुनौती को स्वीकार करते हुए ग्राम मिरगी के खिलाड़ियों ने सिर्फ 65 रन पर ही सिमट गई। इस प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में कामेश ध्रुव तथा सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज के रूप में पंकज ध्रुव, बेस्ट ऑल राउंडर के रूप में गोवर्धन ध्रुव को चुना गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में क्षेत्र की जनपद सदस्य एवं जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष प्रतिनिधि गगन वर्मा एवं आदिवासी समाज के अध्यक्ष दौलत कुंजाम, पूर्व सरपंच पीलाराम सेन, विश्राम साहू, रोशन साहू, नूतन कुमार साहू ने सभी विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर बधाई दिया गया। सभी शेष खिलाड़ियों के लिए आदिवासी समाज के अध्यक्ष दौलत कुंजाम के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया किसी भी प्रतियोगिता में कोई हारता नहीं है किसी एक टीम प्रतियोगिता में जीता है और शेष टीम विजेता टीम से प्रेरणा लेकर सिखाता है सभी खिलाड़ियों से आगरा किया गया है किसी भी कला में निपुण होने के लिए समर्पण एवं लगन अति आवश्यक होता है।



**इनका रहा विशेष योगदान**

कार्यक्रम का संचालन आसाराम ध्रुव के द्वारा किया गया, कार्यक्रम के आयोजक ग्राम पंचायत मिरगी के युवा गोवर्धन ध्रुव, लवकुश सेन, लेखराम ध्रुव, हरीश साहू, समर साहू, इंद्र साहू, दुमेंद्र यादव, भावेश साहू, पवन निषाद, रोहित ध्रुव, हरीश ध्रुव, कामेश ध्रुव, विनोद ध्रुव एवं समस्त खिलाड़ीगण एवं समस्त ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### शुभम का बीएसएफ में चयन

**सुहेला।** ग्राम पंचायत खपराडीह के शुभम पिता शत्रुहन लाल बघमार का भारत सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में चयन होने से पूरे गांव एवं क्षेत्र में हर्ष है। छह वर्षों की कठिन प्रयास से शुभम ने यह सफलता प्राप्त कर गांव का नाम रोशन किया है। उल्लेखनीय है कि शुभम का इससे पूर्व थल सेना, असम राइफल्स, सीआरपीएफ एवं



टेरिटोरियल आर्मी में भी चयन हुआ था, परंतु मेडिकल कारणों से उन्हें बाहर होना पड़ा। इसके बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी और लगातार मेहनत करते रहे। उनके इस धैर्य और समर्पण का ही परिणाम है कि आज वे बीएसएफ में चयनित होकर देश सेवा के अपने सपने को साकार करने जा रहे हैं। अपने चयन पर शुभम बघमार ने क्षेत्र के युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि "भारत माता की सेवा करने का लक्ष्य बनाकर यदि कठिन परिश्रम किया जाए तो मंजिल जरूर मिलती है। कई बार मेडिकल के कारण बाहर होने पर भी मैं निराश नहीं हुआ, बल्कि और अधिक मेहनत की। शुभम के चयन पर सरपंच गजेन्द्र वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार, सोनु वर्मा, संतुलित शकुंतला बघमार, धनंजय बघमार सहित समस्त ग्रामवासियों ने हर्ष जताया।

### सीमा सुरक्षा बल में हुआ गणेशु बघेल का चयन

**महासमुंद।** जिले के ग्राम साराडीह के युवा गणेशु बघेल ने अपनी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। गणेशु का चयन सीमा सुरक्षा बल में हुआ है, जिससे वे ग्राम साराडीह से सेना में जाने वाले पहले युवा बन गए हैं। इस गौरवशाली उपलब्धि पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। गणेशु की यह सफलता चुनौतियों से भरी रही है। साल 2020 में कोरोना महामारी के दौरान उनके पिता स्व. टेटकूराम बघेल का स्वर्गवास हो गया था। पिता का साया सिर से हटने के बावजूद गणेशु ने अपनी पढ़ाई और लक्ष्य को नहीं छोड़ा। उनके बड़े भाई पूरन सिंह बघेल (सहायक शिक्षक) ने पिता की कमी महसूस होने नहीं दी और साये की तरह साथ रहकर गणेश को इस मुकाम तक पहुंचाया। स्वागत के दौरान बघेल परिवार सहित पूरन सिंह, हेमंत बघेल, परमेश्वर, दाऊलाल, भूपेंद्र, भानू चतुर्वेदी, टिकेश्वर साहू, मानिक, युवराज, राहुल, नरेश, डेविड और प्रवीण रात्रे आदि मौजूद रहे।

### बनपचरी में मतदाता पंजीयन शिविर

**महासमुंद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक स्वयं सेविकाओं ने सोमवार को विशेष शिविर के पंचम दिवस मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन किया। स्वयंसेवकों ने 18 वर्ष पूर्ण कर चुके या ऐसे विद्यार्थी जिन्हें 17 वर्ष से अधिक हो रहा है का अनिवार्य पंजीकरण व विशेष व गहन पुनरीक्षण का संदेश देने ग्राम बनपचरी में नारे लगाते हुए डोर टू डोर संपर्क अभियान चलाया। ज्ञातव्य हो कि शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा बनपचरी में सात दिवसीय विशेष शिविर 15 जनवरी से संचालित है। इसी कड़ी मतदाता पंजीकरण व नए मतदाताओं का नाम जोड़ने की जानकारी देने प्रवक्ता गोविंद कुमार ध्रुव बीएलओ ग्राम रायतुम, चिरको, बनपचरी को आमंत्रित किया गया। बीएलओ ध्रुव ने स्वयंसेवकों को मतदाता पंजीयन के लिए जरूरी दस्तावेज एवं अपने मतदान केंद्र के 2 शिविरार्थी छात्राओं का नाम जोड़कर सूची में नाम दर्ज करने की प्रक्रिया बताया।

**सम्मेलन:** समाज सुधार, समय और खर्च की बचत का बना सशक्त मंच

# सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन में उमड़ा समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति बलौदा बाजार द्वारा प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन महंत नैन दास स्मृति स्थल बलौदाबाजार में आयोजित किया गया जिसमें 100 युवती व 70 युवको ने मंच पर अपना परिचय दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ सनम जांगड़े ने कहा कि समिति द्वारा यह आयोजन समाज के लिए उल्लेखनीय कार्य है इसमें समाज के सभी व्यक्ति की भागीदारी होना बहुत आवश्यक है क्योंकि इस परिचय सम्मेलन के माध्यम से समाज के फिजूल खर्च पर विराम लगता है और समय की बचत होती है और समाज में एक अच्छा संदेश जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि परिचय सम्मेलन समाज के लिए बहुत अच्छी पहल है इसके लिए आयोजन समिति को बधाई देते हुए समाज के कार्य में किसी भी प्रकार की सहयोग करना पड़े उसके लिए मै तत्पर रहूंगा उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर शेड निर्माण के लिए 3 लाख की स्वीकृति प्रदान की।

**170 प्रतिभागियों ने भाग लिया**








**सतनामी उत्थान एवं जागृति**

समिति के प्रदेशाध्यक्ष जयबहादुर बंजारे ने कहा कि समिति द्वारा बलौदा बाजार में लगातार इस सम्मेलन का 12 वा वर्ष है इस आयोजन का उद्देश्य समाज के पैसे और समय का बचत करना है युवक युवतियों को इस मंच से अच्छे व सच्चे जीवनसाथी मिलता है। युवक युवतियों को नए जीवन में प्रवेश करने के लिए आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि वर वधु को ढूंढने में वर्षों लग जाता है इस मंच के माध्यम से जीवनसाथी की तलाश में आसानी हो जाती है।

**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहने वालों मे जिलाध्यक्ष जगमोहन घृतलहरे, प्रदेशाध्यक्ष जय बहादुर बंजारे, प्रदेश महासचिव रमेश बंजारे, मोहन बंजारे, प्रदेश मीडिया प्रभारी महेश ढ़ीढ़ी, प्रदेश सह सचिव महेश घृतलहरे, जिला उपाध्यक्ष दिनेश सांगिले, जिला सचिव मनोज जोशी, जिला मीडिया प्रभारी राजेश्वर गिरी, मनीष मांडले, शकुंतला बंजारे, फूलचंद घृतलहरें, बद्री प्रसाद टंडन, खिलावन बघेल, भागलाल कोसले, रोहित टंडन, तुलसी मनहरे, सलीम ढीढी, महिला जिलाध्यक्ष यशोदा जांगड़े, निशा मार्कण्डेय, देवनारायण बांधे, नितेश कुमार टंडन, मंशाराम कुर्रे सहित समिति के लोग व समाज जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**युवतियों ने बेबाकी से दिया परिचय**

परिचय सम्मेलन में युवतियों ने बिना भय के निसंकोच बेबाकी से अपना परिचय देते हुए कहा कि मुझे शिक्षित,स्वावलंबी,मेरे माता पिता का सम्मान करने वाला लड़का चाहिए। वहीं लड़कों ने भी अपने पसंद की लड़की के संबंध में अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे शिक्षित,संस्कारी,माता पिता की सेवा करने वाली हर कदम में साथ देने वाली वधू की चाहत है। कार्यक्रम में रक्तदान कैम्प का आयोजन भी किया गया था जिसमें युवाओं ने रक्तदान किया और कहा कि आज हम सब ने सहयोग की भावना से रक्त दान किया है आप लोग भी किसी के जीवन बचाने के लिए रक्तदान करे। समिति द्वारा रक्तदान करने वाले पांच युवाओं को प्रमाण पत्र और हेलमेट देकर सम्मान किया।

# भागवत कथा के शुभारंभ पर निकाली कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

ग्राम पंचायत मलपुरी में सोमवार से 9 दिवसीय श्रीमद्भभागवत कथा का शुभारंभ हो गया है। कथा वाचक पं. बलदाऊ महाराज द्वारा भगवान श्री कृष्णा की लीलाओं और श्रीमद्भागवत के दिव्य ज्ञान का रसपान कराया जाएगा। कथा का मुख्य उद्देश्य धर्म भक्ति और सेवा के महत्व को जन जन तक पहुंचाना है, जिससे समाज में सकारात्मक और आध्यात्मिक चेतना का प्रसार हो सके। इस धार्मिक आयोजन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं और ग्रामीण पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। वहीं कलश यात्रा दोपहर तालाब के तट मंदिर परिसर से गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसका ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। लोगों का कहना है कि इस भव्य आयोजन में विशेष 9 दिवसीय भागवत कथा में भंडारा का आयोजन रखा गया है, जिसमें कथा के पश्चात प्रतिदिन भक्तों के लिए प्रसाद वितरण एवं भंडारे की व्यवस्था की गई है। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कथा श्रवण का लाभ उठाने की अपील की है। कथा का समापन 27 जनवरी को पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ होगा।

## धनसुली में क्रिकेट प्रतियोगिता 26 को

**बंगोली।** ग्राम धनसुली में कैपिटल क्रिकेट टीम के तत्वावधान में 26 जनवरी को एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है, जिसके आयोजक क्रिकेट टीम के सदस्य महेंद्र यादव, सूरज यादव, कमलेश भारती ,हेमंत वर्मा, श्यामा यादव, गितेश यदु, महेश्वर यदु, युवराज निषाद, मुकेश यदु, समीर यादव, नैवेद्य वर्मा, राज वर्मा, कैलाश भारती एवं शुभम वर्मा। कुल चार क्रिकेट टीम प्रतियोगिता खेलेंगे, सभी ग्राम धनसुली के हैं। उक्त जानकारी केपिटल क्रिकेट टीम के वरिष्ट सदस्य शुभम वर्मा ने दी है।

# मुंडा सड़क पार में अखंड नवधा रामायण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

मेन रोड पर स्थित आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा सड़क पार में 30 जनवरी से 8 फरवरी तक अखंड नवधा रामायण का आयोजन रखा गया है। 7 फरवरी को रामायण प्रतियोगिता और 8 फरवरी को हवन सहस्त्रधारा के साथ समापन होगा।

नवधा रामायण समिति के अध्यक्ष कमलेश रजक उपाध्यक्ष पोखराज साहू कोषाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा ने बताया कि नवधा रामायण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10001 रुपये जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू द्वारा, द्वितीय पुरस्कार 8001 रुपए लक्ष्मी किराना स्टोर्स एवं कमलेश रजक गोपाल साहू परमेश्वर साहू द्वारा, तृतीय पुरस्कार 7001 रुपये रूपेंद्र वर्मा गणपति ट्रेडर्स द्वारा, चतुर्थ पुरस्कार 6001 रुपये विकास अग्रवाल भाजपा युवा नेता द्वारा, पंचम पुरस्कार 5001 रुपए सोनू वर्मा इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक द्वारा, षष्ठम पुरस्कार 4001 रूपये शशिकला पांडेय सरपंच मुंडा द्वारा, सप्तम पुरस्कार 3001 रूपये तरुण वर्मा ट्रैक्टर्स रेती गिट्टी सप्लायर, अष्टम पुरस्कार 2001 रूपये डॉ धीरेंद्र वर्मा सुपर मल्टी स्पेशलिटी दांतघर द्वारा, नवम पुरस्कार 1501 रुपए स्व. पार्वती वर्मा की स्मृति में पुत्र महेश्वर वर्मा द्वारा, दशम पुरस्कार 1001 रुपए स्व. फुलेता बाई वर्मा की स्मृति में नाती दुष्यंत वर्मा द्वारा दिया जाएगा। वही एक से दस तक के विजेताओं को शील्ड लाला पान सेंटर मुंडा द्वारा साथ ही प्रत्येक टोली को 301 रूपये रामायण समिति द्वारा दिया जाएगा जिसमें चार सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है।

- 30 जनवरी से 8 फरवरी तक कार्यक्रम, 7 फरवरी को प्रतियोगिता और 8 फरवरी को हवन के साथ समापन

# अनुशासन और सेवा भाव की नींव है स्वयंसेवक संघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा बिलाईगढ़ खंड के युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन भटगांव में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों युवाओं ने सहभागिता की, जहां उन्हें राष्ट्र निर्माण और सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख सुनील कुलकर्णी रहे। उन्होंने युवाओं को देश की असली शक्ति बताया। कुलकर्णी ने कहा कि युवाओं को केवल करियर तक सीमित न रहकर राष्ट्र के व्यापक लक्ष्यों के लिए कार्य करना चाहिए। अनुशासन और सेवा भाव ही वह नींव है, जिस पर एक समर्थ भारत का निर्माण होगा।

युवा संगम में विशेष अतिथि के रूप में इंदौर से पधारे सुप्रसिद्ध अखिल भारतीय कवि अमन अक्षर उपस्थित थे। उन्होंने सुरीले काव्य पाठ से युवाओं में जोश भर दिया। उनकी रचनाओं ने युवाओं को अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन राजकीय गीत 'अरपा पैरी के धार' के साथ हुआ, जिससे पूरा वातावरण प्रदेश की माटी की खुशबू और गौरव से भर गया। दिनभर चले विभिन्न सत्रों, जिज्ञासा समाधान और बौद्धिक चर्चाओं के पश्चात, कार्यक्रम का औपचारिक समापन राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के सामूहिक गान के साथ हुआ।

सुबह 8 बजे से शुरू हुए इस संगम में विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। शारीरिक एवं बौद्धिक सत्र सुबह शाखा और चर्चा सत्रों के माध्यम से वैचारिक स्पष्टता दी गई। कुछ दिन पूर्व कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 26 दिसंबर को किया गया था, जिसके विजेताओं को कार्यक्रम अधिकारी विक्रम कुर्रे, जिला संघचालक डॉ.फिरत राम निराला एवं अतिथियों द्वारा प्रशस्ति-पत्र शील्ड और जीते हुए राशि देकर सम्मानित किया गया। आनंद सभा दोपहर के सत्र में कवि सम्मेलन और आनंद सभा का आयोजन हुआ।







**विजेताओं को 51 000, 31000, 11000 नगद पुरस्कार दिया गया**

# डेढ़ हजार छात्रों ने दी गौ विज्ञान की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

तिल्दा विकासखंड के अंतर्गत 19 जनवरी को गौ विज्ञान परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें पूर्व माध्यमिक विद्यालय से 1097, हायर सेकंडरी विद्यालय से 450 और महाविद्यालय से 31 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दिलायी। साथ ही गौ सेवा संकल्प दिवस के रूप में परीक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। गौ राष्ट्र एवं जगत कल्याण के लिए सामूहिक रूप से भी श्री सुरभ्ये नमः मंत्र का जप किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को गौ वंश से ही होगा पंच परिवर्तन विषय पर प्रबोधन एवं गौ सेवार्थ प्रतिज्ञा भी कराई गई।





तिल्दा विकासखंड के नोडल डागेश्वर प्रसाद वर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति द्वारा आयोजित गौ विज्ञान परीक्षा में विद्यार्थियों के बीच अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। प्रथम चरण की परीक्षा में चयनित विद्यार्थी 8 फरवरी को होने वाली दूसरी चरण की परीक्षा में सम्मिलित होंगे, जो पूरे प्रदेश के सभी 33 जिला मुख्यालय केन्द्रो से एक साथ होगी। चयनित विद्यार्थी तीसरे चरण की परीक्षा में सहभागी होंगे, जो अप्रैल माह में रायपुर में आयोजित की जाएगी। प्रदेश स्तर में विजेताओं को क्रमशः 51 000, 31000, 11000 नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। साथ ही जिला एवं संस्था स्तर पर भी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। गौवंश के संरक्षक डॉ. सुरेंद्र वर्मा ने बताया कि सड़कों से गौ वंश की घर वापसी हो, विद्यार्थी एवं उनके परिवार के मध्य गाय का वैज्ञानिक पत्र प्रामाणिकता के साथ पहुंचे। गाय के पंचगव्य का महत्व लोग समझ सके। गौ आधारित खेती का आधिकारिक प्रचार प्रसार हो तथा घरों में शाक वाटिका का निर्माण हो। इस उद्देश्य को लेकर आयोजित इस परीक्षा में पूरे प्रदेश के लगभग 170000 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जो बहुत ही राज्य के लिए प्रशंसनीय कार्य है।

